जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला–डीडवाना कुचामन)

क्रमांक : लेखा/2025–2026/203-07 दिनांक :– 27/02/2026

खुली बोली आमंत्रण सूचना 02/2025–26

श्रीमान सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के प्रशासनिक एव वित्तीय स्वीकृति क्रमांक एफ7(19)रालसा/संस्था/नव जि.वि.से.प्रा. गठन/2025/332–38 दिनांक 09.01.2026 के अंतर्गत कम्प्युटर मय प्रिंटर मय यूपीएस क्रय हेतु मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो की अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 27.02.2026 से बेची जाकर पूर्ण रूप से भरी हुयी निविदाये दिनांक 06.03.2026 को साय 05.00 बजे तक जमा करवायी जा सकेगी जो की दिनांक 07.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्राप्त करने व खोलने की दिनांक को अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस को निविदाये खोली व बेची जा सकेगी।

हस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है। निविदा शुल्क 200 व बोली अमानत राशी अनुमानित राशी (02 प्रतिशत) का डिमान्ड ड्राफ्ट जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीडवाना के नाम पर निविदा फॉर्म के साथ कार्यालय मे जमा करवानी होगी। अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

क्रस	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	बिड प्रतिभूति राशि (अनुमानित लागत का 2 %)	निविदा शुल्क	निविदा फॉर्म बेचे जाने की तिथि	निविदा जमा करवाने की अंतिम तिथि	निविदा खोलने की तिथि
01	Supply & Installation of Desktop,UPS,Printer, Multifuntion Photocopier Machine,	355000/-	7100	200	**27.02.2026 से**	**06.03.2026 सांय 5.00 बजे**	**07.03.2026 11.00 बजे**

1. बोली आमंत्रण सूचना, विस्तृत आमंत्रण सूचना मय बोली दस्तावेज राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। बोली निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जायेगी।
2. बोली द्वि–प्रक्रमी बोली के रूप में आमंत्रित की गई है। बोली दाता की तकनीकी क्षमता हेतु तकनीकी योग्यताओं एवं शर्तों की सूची तकनीकी बोली तकनीकी लिफाफे में रखी जावे तथा वित्तीय बोली वित्तीय लिफाफा में रखी जावे।
3. वित्तीय बोली निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत की जायेगी। वित्तीय बोली के साथ कोई दस्तावेज संलग्न नहीं किया जावेगा।
4. बोली से संबंधित नियम, शर्त एवं बिड प्रपत्र किसी भी कार्यालय दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीडवाना जिला डीडवाना–कुचामन के यहाँ उपरोक्तानुसार बोली प्रपत्र शुल्क निर्धारित दिवस एवं समय तक जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते है या राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है। डाउन लोड किये गये बोली प्रपत्र का मूल्य रू 200/– बोलीदाता द्वारा पृथक से डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक जिला एवं सेशन न्यायालय, डीडवाना के पक्ष में बनाकर बोली के साथ संलग्न करना होगा। मुहरबंद बोली निर्धारित दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत की जा सकेगी तत्पश्चात् बोली स्वीकार नहीं का जायेगी। प्राप्त बोली निर्धारित दिनांक एवं समय को अपर जिला एवं सेशन न्यायालय, डीडवाना के कक्ष में उपस्थित बोलीदाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।
5. बोली प्रतिभूति एवं बोली प्रपत्र शुल्क राशि का डिमांड ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक जिला एवं सेशन न्यायालय, डीडवाना के पक्ष में बनाना होगा तथा तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत करना होगा। बोली प्रपत्र शुल्क अप्रतिदाय (Non-Refunded) होगा। बोली प्रतिभूति राशि के बिना प्राप्त बोली पर कोई विचार नही किया जावेगा।
6. किसी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
7. बोली प्रपत्र में अंकित शर्तों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की कोई शर्त अंकित न की जाये। सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जावेगी।
8. तकनीकी–वाणिज्यिक बोली में क्वालिफाईड/सफल बोलीदाता की ही वित्तीय बोली खोली जायेगी।

अध्यक्ष (क्रय समिति)
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
डीडवाना जिला – डीडवाना–कुचामन

क्रमांक : लेखा/2025–2026/ 203-07 दिनांक : 27/2/2026

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर।
2. जिला एव सेशन न्यायालय डीडवाना–कुचामन।
3. नोटिस बोर्ड, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, डीडवाना जिला – डीडवाना–कुचामन
4. सिस्टम ऑफिसर, कार्यालय जिला एव सेंशन न्यायालय डीडवाना को विभाग की वेबसाईट तथा http://SPPP.rajasthan.gov.in पर अपलोड़ करने हेतु।
5. समस्त अधिनस्थ न्यायालय डीडवाना न्यायाक्षेत्र के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

27/2/26

अध्यक्ष (क्रय समिति)
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
डीडवाना जिला – डीडवाना–कुचामन